


## तेजस्वी प्रकाश बनेंगी बिग बॉस 15 विनर, प्रतीक सहजपाल होंगे रनरअप!


बिग बॉस 15 अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। अक्टूबर में शुरू हुआ यह शो चार महीने बाद अपने फिनाले से अब सिर्फ दो दिन दूर है। 29 और 30 जनवरी को ग्रैंड फिनाले है और उसमें बिग बॉस 15 के विनर की घोषणा होस्ट सलमान खान अपने अंदाज में करेंगे। लेकिन क्या इस शो के दीवानों यानी जनता ने यह फैसला कर लिया है कि विनर कौन बनने वाला है? ऐसा इसलिए कि जनता जर्नादन का मूड देखकर यही लग रहा है कि तेजस्वी प्रकाश शो की विनर बनेंगी, जबकि प्रतीक सहजपाल फर्स्ट रनरअप होंगे?

बिग बॉस 15 में शुरुआती कुछ हफ्तों के बाद बोरिंग होने के आरोप लगे। शो में जबरन दिख रहे अग्रेसन को लेकर उमर रियाज से लेकर करण कुंद्रा और प्रतीक सहजपाल तक की आलोचना हुई। शमिता शेट्टी को कभी फेयर कहा गया तो कभी उनके एटिट्यूड का मजाक मेहमानों ने भी बनाया। लेकिन चाहे कुछ भी शो करीब 4 महीने तक बिग बॉस के घर में बंद रहना और सबकुछ झेलते हुए फिनाले तक पहुंचना आसान काम नहीं है। यही कारण है कि शो के फाइनलिस्ट्स को लेकर अब जनता के बीच होड़ मची हुई है। शो में भले ही वाइल्ड कार्ड के जरिए वीआईपी कंटेस्टेंट्स के तौर पर राखी सावंत, रश्मि देसाई, देवोलीना बनर्जी, रितेश और अभिजीत बिचुकले की कएंट्री करवाई गई। लेकिन इतिहास गवाह है कि बिग बॉस में कभी कोई वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट विनर नहीं बना।

## हार्दिक पांड्या पर चढ़ा पुष्पा का खुमार, नानी संग श्रीवल्ली पर किया डांस

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा के गाने और डायलॉग सिर्फ आम लोगों के बीच ही नहीं, बल्कि जाने–माने सिलेब्स की जुबां पर भी चढ़े हुए हैं। नेहा कक्कड़, सपना चौधरी, आरती सिंह, जन्नत जुबैर सहित कई हस्तियों पर श्पुष्पाश का खुमार देखने को मिला, लेकिन दिलचस्प बात ये है कि क्रिकेटर्स भी इसके रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। सुरेश रैना, डेविड वॉर्नर, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा ही नहीं अब हार्दिक पांड्या पर भी इसकी दीवानगी देखने को मिली है। हार्दिक पांड्या ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो अपनी नानी के साथ पुष्पा के फेमस श्रीवल्ली सॉन्ग पर डांस कर रहे हैं। उनकी नानी भी वैसे ही मूव्स दिखा रही हैं। ये वीडियो इंटरनेट पर छा गया है। फैंस तो क्या अल्लू अर्जुन भी खुद को कमेंट करने से रोक नहीं पाए। हार्दिक पांड्या ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हमारी अपनी नानी पुष्पा। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर अब तक 21 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। वहीं, अल्लू अर्जुन ने कमेंट किया, बहुत प्यारी... इनके लिए मेरा प्यार और सम्मान। दिल छू लेने वाला वीडियो।

## मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार की हो गई शादी, मंडप से आई पहली तस्वीर



पॉप्युलर ऐक्ट्रेस मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनकी वेडिंग सेरेमनी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। ये फोटो मंडप की है, जहां मौनी ने रस्मों को निभाने के बाद सूरज को गले लगा लिया है। मौनी की शादी की कई और तस्वीरें भी सामने आई हैं। इनकी शादी मलयालम रीति–रिवाजों से हुई है। मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार की शादी का वीडियो भी सामने आ चुका है। इसमें शादी होने के बाद आसपास मौजूद फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। वो हूटिंग भी कर रहे हैं। ये देखकर सूरज और मौनी भी मुस्कुराने लगते हैं। दुल्हन बनीं मौनी रॉय बेहद खूबसूरत दिखीं। उनकी एक फोटो वायरल हो रही है, जिसमें सूरज उन्हें मंगलसूत्र पहना रहे हैं और रिश्तेदार उन पर फूलों की बारिश कर रहे हैं। मौनी ने अपनी शादी में बंगाली स्टाइल में साड़ी को चुना। सफेद रंग की बनारसी सिल्क साड़ी पर लाल बॉर्डर बना है। उन्होंने गोल्ड हैवी जूलरी को चुना। वो बहुत सुंदर लग रही हैं। वहीं, सूरज ने क्रीम कलर का कुर्ता और सफेद रंग का पायजामा पहना। मौनी रॉय को दुल्हन के रूप में देखने के लिए फैंस बेताब थे और अब उनकी पहली झलक सामने आ गई है। मौनी के सिंपल लुक के साथ–साथ उनकी ज्वेलरी ने लोगों का ध्यान खींचा है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# सैंडविच खरीदने तक के नहीं थे पैसे, आज करोड़ों कमा रहे श्रेयस



*फिल्म पुष्पाः द राइज के हिंदी वर्जन में अल्लू अर्जुन की आवाज बने ऐक्टर श्रेयस तलपड़ेका आज यानी 27 जनवरी को बर्थडे है। श्रेयस तलपड़े ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत मराठी सोप और स्टेज शोज से की थी। आज उनकी गिनती टॉप के स्टार्स में होती है। लेकिन यहां तक पहुंचने का श्रेयस तलपड़े का सफर आसान नहीं रहा। श्रेयस तलपड़े 20 सालों से ऐक्टिंग कर रहे हैं। उन्होंने डायरेक्शन से लेकर प्रॉडक्शन और वॉइस ओवर तक की कमान संभाली है। बिना किसी गॉडफादर या फिल्मी कनेक्शन के अपने दम पर पहचान बनाने वाले श्रेयस की कहानी बेहद इंस्पायरिंग है।*

**बिना गॉडफादर बनाई पहचान**

श्रेयस तलपड़े का जन्म मुंबई में हुआ था। उनके पिता मीना टी और जयश्री टी ऐक्ट्रेसेस के भाई थे। लेकिन इसके बावजूद श्रेयस का फिल्मी दुनिया में कोई मजबूत कनेक्शन नहीं था। श्रेयस ने जो भी पाया अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर पाया। एक इंटरव्यू में श्रेयस तलपड़े ने कहा था कि उन्होंने अपने करियर में कभी करण जौहर या यशराज की फिल्म में काम नहीं किया। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह एक काबिल ऐक्टर नहीं हैं।

**बड़े बैनर न सही बड़े स्टार्स संग किया काम**

भले ही श्रेयस तलपड़े को किसी बड़े बैनर के साथ काम करने का मौका नहीं मिला, लेकिन उन्होंने नसीरुद्दीन शाह से लेकर अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, फराह खान और रोहित शेट्टी जैसी हस्तियों के साथ काम किया।

**जब सैंडविच खरीदने तक के नहीं थे पैसे**

श्रेयस तलपड़े की जिंदगी में एक वक्त ऐसा भी था जब उनके पास एक सैंडविच खरीदने तक के पैसे नहीं होते थे और आज वह करोड़ों में कमा रहे रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह एक फिल्म के लिए 2–3 करोड़ फीस लेते हैं। अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए श्रेयस तलपड़े ने 2020 में दिए इंटरव्यू में कहा था, मेरे पास किराया देने के पैसे नहीं थे। इतने भी पैसे नहीं थे कि एक सैंडविच तक खरीद सकूं। स्टूडियो के लिए बस से जाने के भी पैसे नहीं थे।



**स्टारकिड्स के लिए कही थी यह बात**

इंडस्ट्री के बच्चे कभी यह नहीं जान पाएंगे कि कैसा लगता है जब सबकुछ आपको अपने दम पर करना पड़ता है। उनके पास अपने विशेषाधिकार होने दीजिए। मुझे खेद है कि उनके पास हमारी तरह खूबसूरत जर्नी नहीं है। श्रेयस ने यह भी कहा था कि नेपोटिजम और फेवरेटिजम हमेशा रहेगा। लेकिन आगे बढ़ते हुए हम सिर्फ उसी पर फोकस नहीं कर सकते। मैंने कभी करण जौहर या यशराज की फिल्म नहीं की है। न तो मैंने कभी उन्हें अप्रोच किया और न ही उन्होंने मेरे साथ काम करने में दिलचस्पी दिखाई। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मेरा करियर खत्म हो गया है।

**द लायन किंग में भी आवाज दे चुके हैं श्रेयस**

श्रेयस तलपड़े ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया, जिनमें से इकबाल, वेलकम टू सज्जनपुर, आशाएं, गोलमाल सीरीज जैसी कुछ और फिल्मों ने उनके करियर को नया आयाम दिया। श्रेयस ने ऐक्टिंग के अलावा वॉइस ओवर भी किया है। हाल ही रिलीज हुई पुष्पाः द राइज में श्रेयस ने अल्लू अर्जुन के किरदार को अपनी आवाज दी। वहीं इससे पहले उन्होंने द लायन किंग के हिंदी वर्जन में हॉलिवुड ऐक्टर Billy Eichner के किरदार को आवाज दी।

# श्वेता तिवारी के बयान ने पहुंचाया भावनाओं को ठेस!



*टीवी ऐक्ट्रेस श्वेता तिवारी के बयान पर बवाल बढ़ गया है। ऐक्ट्रेस ने भोपाल में एक कार्यक्रम में दौरान कहा कि उनकी ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं। एक वेब सीरीज के अनाउंसमेंट कार्यक्रम में श्वेता तिवारी के इस बयान की न सिर्फ आलोचना हो रही है, बल्कि विवाद भी गहराता जा रहा है। वहीं मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मामले में पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट मांग ली है। श्वेता तिवारी ने वेब सीरीज के कार्यक्रम में शरीक होने के लिए प्रोडक्शन टीम और पूरी स्टारकास्ट के साथ भोपाल पहुंची थीं।*

श्वेता तिवारी वेब सीरीज के प्रमोशनल कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर बैठी थीं। इसी दौरान बातचीत के क्रम में हंसी–मजाक का दौर चल रहा था। तभी श्वेता ने कहा, मेरी ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं। सार्वजनिक मंच पर श्वेता के इस तरह के बयान को अश्लीलता फैलाने से जोड़कर देखा जा रहा है। यही नहीं, कई लोगों से इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने की भी बात की है। सोशल मीडिया पर श्वेता के इस बयान का वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।

**गृह मंत्री ने कमिश्नर ने मांगी रिपोर्ट, लेंगे ऐक्शन**

भोपाल में दिए श्वेता के बयान पर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने कहा, श्वेता तिवारी का बयान मैंने भी सुना है। मैंने वह वीडियो भी देखा है। मैं उनके इस बयान की निंदा करता हूं। मैंने भोपाल पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच कर एक रिपोर्ट मुझे जल्द सौंपी जाए। इसके बाद मामले में जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**भोपाल में ही शूट होनी है शो स्टॉपर्स सीरीज**

श्वेता तिवारी के इस नए वेब सीरीज की शूटिंग भोपाल में ही होनी है। इस सीरीज को मनीष हरिशंकर डायरेक्ट कर रहे हैं। सीरीज का नाम शो स्टॉपर्स रखा गया है। इस सीरीज में श्वेता तिवारी के साथ रोहित रॉय, कंवलजीत, सौरभ राज जैन भी नजर आएंगे। वैसे, यह पहला मौका नहीं है, जब श्वेता विवादों में हैं। पति राजा चौधरी और अभिनव कोहली दोनों के ही साथ श्वेता का तगड़ा विवाद रहा है।